## सार-समाचार

### बाबा साहब की जयंती समारोहपूर्वक मनाई

**सादुलपुर,** (निसं)। सादुलपुर विधायक मनोज न्यागंली के नवनिर्माण कार्यालय भवन में सोमवार को बाबा साहब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की 133वी जयंती सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली के मुख्य आतिथ्य मे मनाई गई। दोपहर तीन बजे मिली जानकारी के अनुसार बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि न्यागंली ने कहा कि बाबा साहब के द्वारा जो समतामूलक समाज की स्थापना करने का सपना संजोया था वो आज साकार रूप में हम देख रहे हैं, बाबा साहब ने जो संविधान की ताकत दी थी वो आज हमारे जीवन का आधार है। न्यागंली ने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा पर जोर देकर कहा था कि शिक्षा वो शेरनी का दूध है जो जितना पीएगा उतना ही दहाडेगा। इस अवसर पर नौरंगपुरा सरपंच विकास कुलडिया, धानोठी सरपंच बलवीर मेहरा, पूर्व सरपंच बलवीर पूनिया, निवर्तमान पार्षद एडवोकेट चिरंजीलाल प्रजापत, एड राजेन्द्र पटीर सहित सदीक खींची, रामकिशन बैरासरिया बैंक उपाध्यक्ष, पूर्व पार्षद ज्ञानीराम प्रजापत, हाजी मुश्ताक कुरैशी, रामलाल मीणा, मुनेश पूनिया, सन्तोष वंदना, राजकुमार मेघवाल, सत्यवीर बैरासर, मौसिन खींची, बनवारीलाल सूणिया, करण चौपडा आदि ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर रामपाल ग्वालिसर, भूपसिंह ढाका, फैसल पहाडखानी, सोमवीर खीचड, राकेश नाई, अजीत जागिड, महेंद्र पूनिया, दानाराम जागिड, अकबर चौहान, तुलाराम नायक, इस्लाम कुरैशी, सजंय भोजाण, मातूराम सिघंल, भवानी शंकर खत्री, आशिष खैरू, अशोक दन्देउ सहित सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंच का संचालन मास्टर सलीम खान ने किया। कार्यक्रम में भामाशाह भावेश सुरतपुरा ने मिठाई वितरण कर खुशिया मनाई गई।

### बालाजी धाम में विराट भजन संध्या हुई

**सीकर,** (निसं)। यहां सांवली रोड पर शेखावाटी म्यूजियम के पास स्थित सिद्धपीठ श्री दक्षिणमुखी बडा तालाब बालाजी धाम में रविवार को संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ एवं विराट भजनसंध्या का आयोजन किया गया। पुजारी जगदीश शुक्ला ने श्रीश्यामबाबा भजन समिति के संयोजक सचिव श्यामभक्त भजन गायक रामगोपाल गोपी का बालाजी के समक्ष दुपट्टा व गजरा पहनाकर सम्मान किया गया। धाम में शनिवार से ही 126 वां हनुमान जन्मोत्सव समारोह चल रहा है। शनिवार को हवन पूजन, महाआरती व 108 हनुमान चालीसा पाठ हुए। रविवार को दोपहर में दिल्ली से आये भागवताचार्य पं. मनीष कुमार दाधीच द्वारा संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। शामको विराट भजनसंध्या हुई। इस मौके पर दिल्ली से आये भजन गायक अजय तुलसीयान व श्यामभक्त भजन गायक रामगोपाल गोपी सहित भजन गायकों ने भावभरे भजनों से श्यामप्रभु व बालाजी का गुणगान किया। उनके भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर नाचने लगे इस अवसर पर गोसेविका ज्योति तनवानी, अनीता काकड्डोलिया, मोनिका शर्मा, सुमित्रा शर्मा, सरिता पेसवानी, पूजा शर्मा, अर्चना देवी पेसवानी, संतोष मिश्रा, रेनू मिश्रा, मंजू मिश्रा, अर्चना पारीक, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष महेश शर्मा, देवकीनंदन पारीक, कैलाश जांगिड, सुगन पवार, हरिशंकर जाजोदिया, अनिल सोनी, गौतम, अनिल अग्रवाल, रविन्द्र, विकास कुमार, व राधे राधे परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। व्यवस्थापक देवेन्द्र शर्मा, दिलीप शर्मा व लक्ष्य शर्मा ने आगंतुक श्रद्धालुओं का स्वागत सत्कार किया।

### अम्बेडकर जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की

**सादुलपुर,** (निसं)। सोमवार को गांव जैतपुरा मे भारत रत्न बाबा साहेब डॉ बी आर अम्बेडकर की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनाई गई। सुबह 10 बजे दी जानकारी में इसी के साथ ही गैरासर बीकानेर में बाबा साहेब की जयंति से एक रोज पूर्व असामाजिक तत्वों के द्वारा उनकी प्रतिमा पर कालिख पौती गई उसकी कडे शब्दो में नींदा कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की गई। इस मौके पर अरविंद मेघवाल ने बाबा साहेब के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने को प्रेरित किया और बताया कि बाबा साहेब की पहचान एक संविधान निर्माता के तौर पर होती है, इसके अलावा, वह भारतीय विधिवेत्ता, राजनीतिज्ञ, दार्शनिक, मानवविज्ञानी, इतिहासकार और अर्थशास्त्री भी थे। उन्होंने समाज के निचले तबके के उत्थान के लिए ढेरों काम किए हैं। उन्होने कहा कि अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल, 1891 को हुआ था, उन्होंने भारतीय जाति व्यवस्था के खिलाफ अभियान चलाया। कार्यक्रम अरविन्द मेघवाल की अध्यक्षता में हुआ। इस कार्यक्रम में विरेन्द्र मेघवाल, प्रविण मेघवाल, नरेंद्र धानिया, सचिन धानिया, पंकज धानिया, अजित मेघवाल, अमित धानिया, विकाश, सुरेश अंकित आदि सहित गांव के अनेक कार्यकर्ता मौके पर मौजूद थे।

### बाबा साहब को याद किया

**सादुलपुर,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर शाखा राजगढ के बैनर तले सोमवार को राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर व शिक्षक संघ शेखावत राजगढ के तत्वाधान में केक काट संयुक्त रूप से बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती बडी धूम धाम से मनाई गई। सुबह 11बजे दी जानकारी के अनुसार बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया और सभी लोगों को लड्डू बांटे गए। ब्लॉक राजगढ के अध्यक्ष मानसिंह मेहरा, सुभाष बागोत, शेखावत संघ के महामन्त्री वेदपाल मलिक, ओमप्रकाश मुहाल, संजय खीचड, अध्यक्ष महेंद्र सिंह पूनिया व राजस्थान अम्बेडकर शिक्षक संघ की महिला मंत्री चमेली डीपीई ने बाबा साहेब के कृतित्व एवम् जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके पद चिन्हों पर चलने की प्रेरणा दी। इस मौके पर जोगेन्द्र झाझडिया, प्रो. दिलीप पूनिया, डॉ कौशल पूनिया, डॉ रामकुमार घोटड, कृष्ण भाकर, सीताराम सिंघल, संतलाल, ब्रह्मानंद मेहरा, रघुवीर सिंह बाडेटिया, सहीराम मेहरा, भगवान सिहं दायमा, लक्ष्मीचंद मेहरा, चमेली डीपीई, चंद्रभान गोठवाल, चंद्रभान मेहरा, सहीराम मेहरा, जयवीर सिंघल, राकेश गोठवाल, जयप्रकाश मेहरा, पवन गोठवाल, सुनील बैरासर सहित सैकडों साथी उपस्थित रहे।

### समाज में व्याप्त बुराईयों को मिटाने का संकल्प

**सादुलपुर,** (निसं)। सिद्धमुख में डॉ भीमराव अम्बेडकर सामाजिक कल्याण मंच व डॉ. भीमराव अम्बेडकर यूवा विकास समिति सिद्धमुख के तत्वाधान में सोमवार को बाबा साहेब डॉ भीमराव की जयंति मनाई गई। दोपहर तीन बजे दी जानकारी के अनुसार जिसमें सर्व समाज व भाईचारा बहुत ही शानदार देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि शिक्षक रणजीत गुरावा व रामकुमार सिहाग ने की। डॉ दूलीचन्द फाण्डन, दिवान सिंह धानिया, ओमप्रकाश जांगीड, नवीन चाहर, मुन्शीराम देवर्थ, रामसिंह कस्वां सरपंच भीमसाना, जयप्रकाश दलाल, देवीलाल मेहरा, असगर कुर्रेशी, बाबुसिंह राजपिरोहित, राकेश ढाका, संतोष शर्मा, महेन्द्र कामड, सुरेश भाटिया, बंशीलाल किरोडीवाल, दयाचन्द मेहरा, शंकर लेगा, कमल मेहरा, श्रवण मेहरा, भालसिह मेहरा, बिनोद, कामरेड अमीत छापोला, अंजनीकुमार शर्मा, सामाजिक कल्याण मंच के पदाधिकारी नाहर सिंह व संदीप सहित उपस्थित रहे। वहीं सभी वक्ताओं ने कहा कि जो समाज में नशा खोरी, बुराईयां, छुआछुत, भेदभाव आदि को मिटाना होगा तथा बच्चों को शिक्षा की तरफ लगाये। वक्ताओं ने कहा की बाबासाहेब अम्बेडकर एक समुदाय के न होकर सभी दबे कुचले शोषित समाज के मशिहा थे।

### मंदिर में बरामदा का शिलान्यास

**सादुलपुर,** (निसं)। सैनिक कॉलोनी राजगढ में स्थित श्री बालाजी मंदिर प्रांगण भामाशाह एवं कीर्ति जाट संस्थान राजगढ के अध्यक्ष राकेश सुलखणिया ने सोमवार सुबह 9.15 बजे हॉल मय बरामदा का विधिवत रूप से मंत्रोचार के साथ शिलान्यास किया। श्री बालाजी मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष रणजीत सांगवान ने बताया कि श्री बालाजी मंदिर परिसर में भामाशाह एवं कीर्ति जाट संस्थान राजगढ के अध्यक्ष राकेश सुलखणिया ने 15 गुणा 2० हॉल मय बरामदा निर्माण करवाने की घोषणा की गई थी। इसी दौरान राकेश सुलखणिया ने कहा कि सार्वजनिक हित के विकास कार्यो के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। इसी दौरान श्री बालाजी मंदिर विकास समिति के पदाधिकारियों ने राकेश सुलखणिया का अभिनन्दन किया। इस मौके पर डॉ जयलाल झाझडिया, ओमप्रकाश शर्मा, रिछपाल शेखू, विनोद नैण, खडग सिंह पूनियां, रामप्रसाद कोठारी, लालचन्द कालेरा, विजय पूनिया, जयलाल बागडवा, कोषाध्यक्ष सतवीर कडवासरा, मंत्री बलवान शर्मा व पुजारी प्रभूदयाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### प्रशासनिक अधिकारी का अभिनंदन

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। प्रशासनिक अधिकारी सांवरमल वर्मा का लक्ष्मणगढ़ में कुम्हार समाज की ओर से स्वागत किया गया।यह जानकारी देते हुए सामाजिक कार्यकर्त्ता मुकेश कुमावत ने बताया की तोदी कॉलेज के पास राष्ट्रीय कुम्हार महासभा के युवा प्रदेशाध्यक्ष हरिराम प्रजापत एंव कमल कुमावत की अगुवाई में समाज के लोगो ने प्रशासनिक अधिकारी सांवरमल वर्मा को राजस्थानी साफा एंव मिट्टी से निर्मित जग भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया।

# बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई

**चूरू** (निसं)। जिलेभर में सोमवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान शहर के विभिन्न स्थानों से रैली निकाली गई। इधर शहर के वार्ड 46 स्थित भामी बस्ती से अम्बेडकर भवन कालेरा बास तक रैली निकाली गई। यहां रैगर बस्ती, वाल्मीकि बस्ती, बूंटिया से अलग-अलग मोहल्लों से भामी बस्ती से एकत्रित होकर अम्बेडकर भवन के लिए रवाना हुई। रैली में पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड व विधायक हरलाल सहारण ने रथ पर सवारी की। रैली का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

इस दौरान अम्बेडकर समर्थक झूमते नजर आये। अम्बेडकर भवन पहुंचकर रैली सभा में परिवर्तित हो गई। कार्यक्रम में अतिथियों का रेखा बरोड़ व कंचन सरेवा ने बैच लगाकर अभिनंदन किया। डॉ. भागीरथ मेघवाल ने राजेन्द्र राठौड़ व हरलाल सहारण को संविधान की प्रति भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि बाबा साहेब एक ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने बाल्य काल से ही गरीबी और छुआछूत को करीब से देखा। बाबा साहेब को कभी कोई पद का लालच नहीं था। आजकल तो लोग कुर्सी के लिए कपड़ों की तरह पार्टियां बदलते हैं। इस अवसर पर राठौड ने कहा कि अगले वर्ष अम्बेडकर जयंती से पहले चूरू में भव्य ऑडिटोरियम बनेगा, इसके लिए आगामी बजट में घोषणा करवाएंगे। विधायक हरलाल सारण ने कहा कि अनुसूचित जाति-जनजाति के लिए राठौड़ सदैव समर्पित रहते हैं। आने वाला समय हम सब का है, हम मिलकर बाबा साहेब के पद चिन्हों पर चलेंगे और अच्छे समाज के निर्माण में पूर्णतया भागीदार बनेंगे। इस दौरान जय भीम के नारों से शहर गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया ने बताया कि बाबा साहेब ने जीवनपर्यन्त सर्व समाज के हितों और अधिकारों के लिए संघर्षरत रहें लेकिन हम अनुसूचित जाति-जनजाति के लोग बाबा साहेब को अनुसूचित जाति-जनजाति का बताकर उनके कद को छोटा करने का तुछ कार्य कर रहें हैं।

इस दौरान पैरा ऑलम्पिक कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया, भाजपा प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, अम्बेडकर जयंती समिति अध्यक्ष गजानंद खेड़ीवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता ओम सारस्वत, सांवरमल गहनोलिया, पूर्व पार्षद विष्व नाथ जांगिड़, पार्षद प्रतिनिधि हरिराम चोपड़ा, पूर्व सभापति विजय कुमार आदि ने भी सभा को सम्बोधित किया। मंच पर प्रधान दीपचंद राहड़, पार्षद प्रतिनिधि आनंद रछोया, विजय वाल्मीकि, पार्षद मेघराज भार्गव, सुरेंद्र नायक राजगढ, पवन चांवरिया, सुनीता खटीक, राजू भाट, प्रकाश सांसी, पुष्पा खारडिया, रमेश सांसी, प्रकाश नायक, सोनू धानक सरपंच, भाजयुमो महामंत्री गुरू धानका, रणजीत माहीच, बृजलाल गोठवाल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मदनगोपाल बालाण, विष्वनाथ राजगुरू, विमला, पूर्व पार्षद लालचंद पंवार, रामेष्वर धौलपुरिया, पवन बागड़ी, नौरंग वर्मा आदि मंचस्थ अतिथि थे। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद कलावती लुगरिया, किशन रछोया, चंद्रप्रकाश, गोविन्द लुगरिया, रिछपाल कानखेड़िया, सुनील खेडीवाल, सोहनलाल ठेकेदार, संदीप लुगरिया, रविंद्र इंदौरा, विनीत, दीनदयाल, फरियाद खान, सलीम गौरी, अमराराम नायक, राजकुमार अलवरिया, महेश माहीच, धर्मवीर माहीच, किशन, गणेश, रामचंद्र कांटीवाल, रामेश्वर धौलपुरिया, रिद्धकरण रछोया, जीवन प्रजापत सहित बड़ी संख्या महिला-पुरूष उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन किशनलाल गहनोलिया, डॉ. मूलचंद व नंदलाल बौद्ध ने किया। इधर पंखा रोड़ स्थित नानीबाई मड़दा स्कूल के पास मेघवाल मोहल्ले से पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड व विधायक हरलाल सहारण ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर वासुदेव चावला, नरेन्द्र कंवल, अजीत मेघवाल, दीनदयाल खारड़िया, बजरंग बजाड़, जेपी पेंटर, बाबूलाल कल्ला, चेतन खारड़िया, कुलदीप कंवल, गिरधारी कंवल, प्रदीप कल्ला, अमित कंवल, सुनील कल्ला, मुकेश कल्ला सहित सैकडों मोहल्ले वासी मौजूद थे। सुभाष चौक पर कालेरा बास, रैगर बस्ती, बाल्मीकि बस्ती, मोचीवाड़ा से आने वाली रैलियों का संगम हुआ।इधर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया के निर्देशानुसार कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय स्थित चौ. कुम्भाराम आर्य स्मारक स्थल के पास संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेड्कर के जन्मदिन पर निकाली रैली का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पार्षद विमल शर्मा, नारायण बालान, सूर्य प्रकाश, अली मोहम्मद भाटी, योगेश गौड़, पार्षद अनीश खान आदि ने स्वागत किया। इधर नई सडक पर कॉम काजियान सदर संजय भाटी के नेतृत्व में भी पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत किया गया। इस दौरान ठंडे पानी व जूस की निःशुल्क व्यवस्था की गई। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष असलम खोखर, वरिष्ठ नेता मोहम्मद हुसैन निर्वाण, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान, दिलावर खान, शाहरुख खान, खालिद कुरैशी, अजीज खान, समीउल्लाह गौरी, नुमान सैय्यद, बाबू मंत्री, फारूक चौहान, आरिफ रिसालदार, जाकिर झारिया वाला, विजय सारस्वत, सोनू खान आदि ने सहयोगी भूमिका निभाई।




चूरू में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

■ चूरू के रेस्ट हाउस में बनेगा अम्बेडकर ऑडिटोरियम : राठौड़

### भामाशाहों का सम्मान किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी शाखा झुंझुनूं के तत्वावधान में अंबेडकर भवन में बाबा साहेब अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू थे। अध्यक्षता कलेक्टर रामावतार मीणा ने की।

विशिष्ट अतिथि डीआईजी शरद चौधरी, एडीएम डॉ. अजय आर्य, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां थे। अतिथियों द्वारा भामाशाहों का सम्मान किया गया। जिसमें प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सीताराम महरिया द्वारा भवन में 5.27 लाख रूपए की लागत से एक वातानुकूलित कमरा बनाने पर सम्मानित किया गया। इसके अलावा डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा तथा रामकुमारी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स मुकुंदगढ़ के रमन कुमार को 1.01-1.01 लाख रूप देने पर, डॉ. जगदीश बरवड, कमला रानी, अमीलाल गोठवाल, महेंद्रसिंह तंवर, डॉ. सीताराम गोठवाल, अमरसिंह धीरज, नेशनल फर्नीचर झुंझुनूं, विनोद कुमार धेनवाल, तुलसीराम सर्वा, एमआर बलोच आईएफएस, इंद्राज मरोडिया सीआई को 51000-51000 रूपए तथा संजीव कुमार कस्वां, हरिराम आलड़िया, ताराचंद बरवड़ ने 21000-21000 रूपए का सहयोग करने पर सम्मानित किया गया। संस्था संरक्षक महावीर सानेल ने संस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं संस्था अध्यक्ष अमरसिंह धीरज ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### सीएचसी नव भवन निर्माण का शिलान्यास

**खेतड़ी,** ( निसं ) सिंघाना कस्बें के तीजो वाला जोहड़ स्थित सोमवार को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नव भवन निर्माण का भूमि पूजन व शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद व भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत, विशिष्ट अतिथि एईएन आजाद सिंह अहलावत, मंडल अध्यक्ष संदीप शास्त्री थे, जबकि अध्यक्षता बीसीएमओं दुलीचंद झाझड़िया ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अहलावत ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर सीएचसी नव भवन निर्माण की नीव रखी। अस्पताल प्रभारी डॉ धर्मेंद्र सैनी ने बताया कि सिंघाना के सामुदायिक भवन के पास अपना भवन नहीं होने के कारण धर्मशाला में अस्पताल का संचालन किया जा रहा था। राज्य सरकार की ओर से 5.22 करोड़ रुपए स्वीकृत कर अस्पताल भवन का निर्माण कार्य करवाया जाएगा। अस्पताल भवन का निर्माण होने के बाद आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाई जाएगी।

## गोयनका बीएड कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग पर घस्सू स्थित मोहिनी देवी गोयनका गर्ल्स बी एड कॉलेज में भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: भारतीय ज्ञान परंपरा एवं आधुनिक शिक्षा विषय पर प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हुई।

संयोजक व प्राचार्य डा.राकेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ, शॉल, स्मृति चिन्ह प्रदान कर एवं साफा पहना कर सम्मान किया। संगोष्ठी के समन्वयक डॉ राकेश पारिक ने संगोष्ठी के विषय से अतिथियों एवं प्रतिभागियों को परिचित कराया। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र के अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि प्रोफेसर शिरीष पाल सिंह, एनसीईआरटी नई दिल्ली, विशिष्ट अतिथि प्रो चंदन सहारण महर्षि अरविंद यूनीवर्सिटी जयपुर, व मुख्य वक्ता के रूप में प्रो.रेणु यादव केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ हरियाणा मंचस्थ अतिथि थे।वक्ताओं ने भारतीय ज्ञान परंपरा की वर्तमान में प्रासंगिकता, महत्त्व व आवश्यकता पर अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालयी व उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम में व्यवस्थित तरीके से पुरातन ज्ञान व विज्ञान का समावेश करना चाहिए ताकि युवावर्ग इससे लाभान्वित हो सके। संगोष्ठी का संचालन सह समन्वयक अनामिका यादव द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ इंदिरा कुमारी द्वारा किया गया।समूह परिचर्चा सत्र की अध्यक्षता डॉ वेदप्रकाश रेड्डू ने की जबकि सदस्यों के रूप में डॉ मोहन सिंह शेखावत, डॉ आर.के.शर्मा व डॉ स्नेहलता ढाका ने विचार व्यक्त किए।इस सत्र का संचालन राकेश पारीक द्वारा किया गया। तकनीकी सत्र में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्र एवं आलेख प्रस्तुत कर अपने विचार साझा किया। तकनीकी सत्र का संचालन अनामिका यादव द्वारा किया गया। संगोष्ठी के दूसरे दिन विभिन्न तकनीकी सत्रों में 100 से अधिक शोध पत्रों का वाचन किया गया। इसके उपरांत संगोष्ठी के संपूर्ति सत्र के मुख्य वक्ता डॉ संजीव कुमार पंडित दीन दयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय ने अपने वक्तव्य में रामायण और प्राचीन साहित्य पर चर्चा की ।साथ ही विशिष्ट अतिथि डॉ जितेंद्र लोढ़ा आर एल सहारिया पी जी कॉलेज ने अपने व्याख्यान में आधुनिक शिक्षा में हमारी संस्कृति और मूल्यों को जोडने की बात की। इसी क्रम में सम्पूर्ति सत्र के अध्यक्ष प्रो बी एल जैन जैन विश्व भारती विश्वविद्यालय ने अपने व्याख्यान में भारतीय संस्कृति और विदेशी संस्कृति के अंतर को बताते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व को बताया। इसके अवसर पर बीएड की छात्राओं स्नेहा, सपना, भावना, साहिन, एवं योगिता द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।संगोष्ठी में 157 ऑनलाइन एवं 60 से ज्यादा ऑफलाइन पंजीकरण हुए तथा संगोष्ठी में लगभग 220 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

## बाबा साहब ने समाज को नई दिशा दी : पुकार

**चूरू** (निसं)। जिला मुख्यालय पर सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर पुराने कलेक्ट्रेट परिसर में अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को आत्मसात कर सामाजिक जागृति का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. एमएम पुकार थे।

इस दौरान सीताराम खटीक, सोमासी सरपंच संतोष मेघवाल व पशुपालन विभाग के सहायक निदेशक डॉ. निरंजन चिरानिया मंचस्थ अतिथि थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. एमएम पुकार ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक जागृति और उत्थान के साथ समाज को नई दिशा दी।

बाबा साहब ने संविधान का निर्माण कर समाज के प्रत्येक व्यक्ति को उनके अधिकार दिए, जिससे वर्तमान भारत का निर्माण हुआ। बाबा साहब ने समाज के वंचित, शोषित वर्ग और महिलाओं के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने का काम किया।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब के आदर्शों पर चलकर हमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति के हक और अधिकार के लिए एकजुट होना चाहिए। अनेक सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करते हुए प्रत्येक वंचित व्यक्ति को उनके सम्मान व हक के लिए संगठित रहकर संघर्ष करें।

डॉ. बीआर अंबेडकर संघ के जिलाध्यक्ष सीताराम खटीक ने कहा कि हमें संगठित रहकर विकसित समाज की संकल्पना को साकार करना है। सोमासी सरपंच संतोष मेघवाल ने कहा कि हमें शिक्षित समाज के लिए संगठित प्रयास करने चाहिए। समाज के प्रत्येक व्यक्ति के शिक्षित होने से ही हम अपने अधिकारों, हक व विकास के लिए खडे हो पाएंगे।

पशुपालन सहायक निदेशक डॉ. निरंजन चिरानिया ने कहा कि बाबा साहब के आदर्शों को अपनाकर सामाजिक समरसता, भाईचारे और एकता के लिए संकल्पित रहना होगा। हम सभी के संकल्पित प्रयासों से ही हम समाज को विकसित बना पाएंगे। इस दौरान मोहनलाल अर्जुन व राकेश पंवार ने भी विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर बाबूलाल कल्ला, बजरंग बजाड़, धनश्याम अलवरिया, विनोद खटीक, चेतन खारड़िया, विक्रम भाट, पूर्णमल रायपुरिया, गजानंद, जैसराज कंवल, ओंकारमल, परसाराम, केसरदेव, कमल, रवि, सोहन, रिछपाल, रामचंद्र मेघवाल, आयुष सरोवा सहित बड़ी संख्या गणमान्य जन मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक सरोवा ने किया।

## अम्बेडकर के जीवन आदर्श पर चलने का आव्हान किया : जिला कलेक्टर

**सीकर** (निसं)। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को अंबेडकर जयंती जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहिब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पुष्पमाला व पुष्प अर्पित कर ज़िला कलेक्टर मुकल शर्मा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने किया। कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा किया गया।

उपनिदेशक प्रियंका पारीक ने कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्य व सार्थकता पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक कार्यकर्ताओ एवं सम्मानित होने वाले जनों को सामाजिक सरोकारों में सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर मुकल शर्मा ने शिक्षा ,महिला उत्थान, न्याय एवं सामाजिक समरसता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

प्रिंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल कक्षा 12 की मेघावी छात्रा मनीषा गहलोत, सुरेश कुमार भास्कर संदर्भ व्यक्ति सीबीईओ लक्ष्मणगढ़ को सामाजिक हासिये के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़े व गरीब लोगों के उत्थान में उल्लेखनीय कार्य करने पर जिला प्रशासन द्वारा डॉ अंबेडकर सामाजिक सुरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर मुकल शर्मा ने प्राचीन भारतीय संस्कृतिक समरसता के साथ-साथ जीवन के अनुभव साझा करते हुए भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन आदर्श को व्यहारिक आचरण में उतारकर उनके बताए मार्ग पर चलने का आव्हान किया।

उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उपनिदेशक प्रियंका पारीक ने बताया कि डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती पर जिला स्तरीय पुरस्कार पुरस्कार वितरण किये गये। जिला स्तरीय अम्बेडकर सामाजिक सेवा पुरस्कार 8,जिला स्तरीय अम्बेडकर महिला कल्याण पुरस्कार 3, जिला स्तरीय अम्बेडकर शिक्षा पुरस्कर 4 लोगों को दिये गये।



जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में अंबेडकर जयंती मनाई।

## सार-समाचार

### श्री गोपाल गौशाला समिति बडवासी की कार्यकारिणी का गठन

**कोलसिया,** (निसं)। गांव बडवासी स्थित श्री गोपाल गौशाला समिति की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। कुल 11 सदस्यों वाली इस नई कार्यकारिणी में कमलेश कुमावत को अध्यक्ष, मुकेश सीगड़ को सचिव एवं प्रदीप शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया है। इनके अतिरिक्त संजीव दूत, होशियार बोयल, नवीन शर्मा, नरेंद्र सिंह निर्वाण, कपिल, संदीप शर्मा, प्रीतम सिंह शेखावत एवं सुभाष सीगड़ को कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। अध्यक्ष कमलेश कुमावत ने बताया कि गौशाला संचालन को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के लिए एक अलग गौशाला संरक्षण कमेटी का भी गठन किया गया है। इस कमेटी के सदस्य गौशाला की गतिविधियों की मासिक समीक्षा करेंगे। इस समिति में सुरेंद्र सैनी कलवानिया, योगेश सोनी, बिरजू सिंह शेखावत, कन्हैयालाल वाल्मिकी, गिरीश मिश्रा, पवन शर्मा एवं नाहरमल मीणा को शामिल किया गया है। समिति के गठन के साथ ही सभी सदस्यों ने गौसेवा को समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया और गांव के समस्त नागरिकों से सहयोग की अपील की।

### नरेगा कार्य समय में बदलाव

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के निर्देशानुसार जिला परिषद सीकर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव ने महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत कार्य समय में बदलाव का आदेश जारी किया है। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि श्रमिकों को दोपहर की तपिश से बचाया जा सके। नए आदेश के अनुसार, नरेगा के तहत कार्य अब सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। यह व्यवस्था 15 अप्रेल मंगलवार से लागू होकर 15 जुलाई 2025 तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान मेट द्वारा उपस्थिति मस्टररोल में अंकित की जाएगी, जबकि दोपहर 1 बजे के बाद कार्य बंद रहेगा। यदि कोई श्रमिक समूह सुबह के समय से पहले कार्य शुरू करना चाहता है, तो उसे इसकी अनुमति दी जा सकती है, लेकिन कार्य समापन दोपहर 1 बजे तक अनिवार्य होगा। मुख्य कार्यकारीअधिकारी ने सभी विकास अधिकारियों, पंचायत समितियों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे इस समय-सारणी का सख्ती से पालना सुनिश्चित करें। साथ ही, कार्यस्थल पर श्रमिकों के लिए पेयजल और छाया की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### सदर थाने के सीआई रहे ओमप्रकाश का निधन

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं ही नहीं, बल्कि राजस्थान पुलिस के लिए गमगीन कर देने वाली खबर है। राजस्थान पुलिस के सीआई और झुंझुनूं के सदर थाने के इंचार्ज ओमप्रकाश का बीती रात को निधन हो गया। वे करीब 23 दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। जानकारी के मुताबिक सदर थाने के इंचार्ज सीआई ओमप्रकाश को 22 मार्च की रात को हार्ट अटैक हुआ था। जिसके बाद उन्हें झुंझुनूं के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उन्हें 23 मार्च की सुबह जयपुर के लिए रैफर कर दिया गया। जयपुर के निजी अस्पताल में सीआई ओमप्रकाश काफी समय तक वेंटिलेटर पर रहे। उन्होंने बीच में रिकवर भी किया। लेकिन बीती रात को करीब एक बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। सीआई ओमप्रकाश के निधन पर पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर है। सीआई ओमप्रकाश बेहद संजीदा, ईमानदार और मिलनसार पुलिस अधिकारियों में शामिल रहे है। पहले वे पुलिस लाइन में आरआई थे। कुछ समय पहले ही उन्हें सदर थाने की कमान सौंपी गई थी।

### बेजुबान पक्षियों के लिये परिंडे बांधे

**सीकर** (निसं)। सीकर के निकटतम स्थित मंडावरा गौशाला में गर्मी का दौर आते ही बेजुबान पशु व पक्षियों के लिए पूर्णमल कुमावत,राजेन्द्र कुमावत,जीवण भाटी,राकेश मोदी,प्रियंक जैन के द्वारा पक्षी बचाओ परिंडे लगाओ अभियान के तहत आज मंडावरा गौशाला में परिंडे पेडों पर बांधे गए और लोगों से अपील की इन परिंडों में समय-समय पर पानी डालते रहें. पानी की कमी से किसी भी पक्षी की मौत नहीं होनी चाहिए, क्योंकि पक्षी प्रकृति की सुंदरता में चार चांद लगाते हैं.प्रियंक जैन ने बताया कि गर्मियों के मौसम में हर साल शहर में पक्षी बचाओ परिण्डे लगाओ अभियान चलाते हैं. इस अभियान से प्रेरित होकर सीकर के निकटतम मंडावरा गौशाला में परिंडे पेडों पर बांधकर लगाए और परिंडों के नजदीकी घरों व महिलाओं से ये अपील की गयी कि इन्हें रोजाना पानी से भरे हुए रखना है. इससे किसी पक्षियों को प्यास से इधर उधर भटकना नहीं पड़े।

### श्याम अखंड ज्योत पाठ किया

**चूरू** (निसं)। श्रीश्याम अखंड ज्योत पाठ समिति चूरू की ओर से रविवार को नागवानों के नोहरे में श्याम अखंड ज्योत पाठ का 11वां भव्य उत्सव फटकारों मोरछड़ी कार्यक्रम के तहत देर शाम शीश के दान की सजीव झांकी का दृष्य देखकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। इस दौरान कोलकाता के विनोद ने पाठ का वाचन किया। कोलकाता के कलाकारों ने नृत्य नाटिकाओं की आकर्षक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में करीब आधे घंटे तक भजनों की प्रस्तुतियां दी गई, जिसमें श्रद्धालु झूम उठे। कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड व विधायक हरलाल सहारण ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

### केक काटकर हनुमान जन्मोत्सव मनाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। शहर के नयाबास स्थित श्री चिंतन हरण बालाजी मंदिर में हनुमान जयंती पर छोटे बच्चों ने केक काटकर जन्मोत्सव मनाया। सिंदूरी चोला, फूल मालाओं व गुब्बारों से मंदिर को सजाया गया। सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया। इस दौरान गौतम, साहिल, रोहित, लक्की, कार्तिक, मनोज शर्मा इत्यादि मौजूद रहे।